**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 10.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरू में केएसआर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की तीन नई शाखाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण।

3– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है।

4– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत।

## प्रधानमंत्री–वंदे भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरू में केएसआर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु–बेलगावी, माता वैष्णोदेवी कटरा–अमृतसर और नागपुर–पुणे वंदे भारत रेलगाड़ियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने रागी गुड्डा के निकट आरवी रोड स्टेशन पर येलो लाइन मेट्रो सेवा का भी उद्घाटन किया, जो इलेक्ट्रोनिक सिटी को बोम्मनहल्ली से जोड़ती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इन रेल सेवाओं के शुरू होने से बड़ी संख्या में लोगों का जीवन आसान होगा और इन क्षेत्रों में आवागमन सुगम हो जाएगा। श्री मोदी ने रागीगुड्डा से इलेक्ट्रोनिक सिटी तक येलो लाइन मेट्रो में यात्रा भी की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की।

## मुख्यमंत्री–बैंक शाखा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के बगिया स्थित अपने कार्यालय से आरा, कुड़ेकेला और छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाएं न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देती हैं, बल्कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी आधार बनती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जशपुर जिले की दो सौ अड़सठ पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू किए गए हैं, जिनके माध्यम से अब तक लगभग पंद्रह करोड़ रुपये का लेन–देन हो चुका है। आगामी पंचायत दिवस तक जिले की सभी पंचायतों में ये सुविधा केंद्र प्रारंभ करने की योजना है। इन केंद्रों से ग्रामीणों को उनके गाँव में ही बैंकिंग, बीमा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के बारहवें वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन भी किया।

## मुख्यमंत्री–ई–रिक्शा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के अवसर पर जशपुर जिले के बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ किया और बिहान योजना से जुड़ी बारह दीदियों को राखी के उपहार स्वरूप ई–रिक्शा प्रदान किए। इस ई–रिक्शा का संचालन जिले के विभिन्न रूट्स पर महिला संचालकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ई–रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इसकी परिचालन लागत भी कम है। इससे महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में अपनी भागीदारी निभाते हुए आत्मनिर्भर बनेंगी।

## उपमुख्यमंत्री–नक्सलवाद

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। यह बात उन्होंने आज सुकमा जिले में समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाई के चलते नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है और इसके खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, पुल–पुलिया और भवन निर्माण कार्यों को अधिक संसाधनों के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने, रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ पर सख्ती से नियंत्रण करने के भी निर्देश दिए।

**निर्वाचन आयोग–पार्टी सूची**

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उसने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ चौंतीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। ये दल दो हजार उन्नीस से छह वर्ष तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे हैं। इन दलों के कार्यालयों का भी कोई अता पता नहीं है। छत्तीसगढ़ के नौ राजनैतिक दलों को भी निर्वाचन आयोग ने सूची से हटाया है। इनमें छत्तीसगढ़ एकता पार्टी, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ समाजवादी पार्टी, छत्तीसगढ़ संयुक्त जाति पार्टी, छत्तीसगढ़ विकास पार्टी, पृथक बस्तर राज्य पार्टी, राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी, राष्ट्रीय मानव एकता कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच शामिल हैं। गौरतबल है कि देश के राष्ट्रीय राजनीतिक दल, स्थानीय राजनीतिक दल और पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं।

फसल बीमा योजना–भुगतान

छत्तीसगढ़ के करीब एक लाख बयालीस हजार किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत करीब डेढ़ सौ करोड़ रूपए की दावा राशि का भुगतान किया जाएगा। यह भुगतान भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण–डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। कल ग्यारह अगस्त को राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों के खातें में यह राशि अंतरित करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह दावा भुगतान हमारे किसानों के विश्वास और आत्मनिर्भरता को और मजबूत करेगा।

**नेक्स्ट जेन ई–हॉस्पिटल**

बस्तर संभाग में नेक्स्ट जेन ई–हॉस्पिटल और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसी आधुनिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति और दिशा दी है। डिजिटल पंजीकरण, हेल्थ रिकॉर्ड और पारदर्शी सेवा प्रणाली से मरीजों को समयबद्ध, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह पहल न केवल बस्तर के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल है, जिसे हम शीघ्र ही राज्य के सभी जिलों में लागू कर "स्वस्थ और सशक्त छत्तीसगढ़" के संकल्प को साकार करेंगे। गौरतलब है कि बस्तर के छह जिला चिकित्सालयों, दो सिविल अस्पतालों और इकतालीस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेक्स्ट जेन ई–हॉस्पिटल प्रणाली का संचालन किया जा रहा है, जिससे ओपीडी पंजीकरण, परामर्श, जांच, दवा वितरण तथा मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां अब एक डिजिटल मंच पर उपलब्ध हो रही हैं। इसके तहत मरीजों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं मिल रही हैं।

**दुर्घटना**

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे बिलासपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ये सभी एक मोटर साइकिल से शहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटर साइकिल सड़क पर बैठी एक गाय से टकरा गई। इस हादसे में भाई–बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गई है।

**महेश मिश्रा–राष्ट्रपति पदक**

कोरिया जिले के 'ट्रैफिक मैन' महेश मिश्रा को स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उन्हें यह पदक प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि महेश मिश्रा नगर सेना में कार्यरत हैं और पिछले कई वर्षों से ट्रैफिक के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच सौ से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं, जिनमें चार लाख से ज्यादा लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई है।

**दिव्या रंगारी–एशियन वूमेंस चैंपियनशिप**

मलेशिया में चौदह से बीस सितम्बर तक आयोजित होने जा रहे अंडर–सिक्सटीन एशियन वूमेंस चैंपियनशिप में महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी भी हिस्सा लेंगी। इससे पहले, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दस अगस्त से बारह सितंबर तक चेन्नई में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शामिल होने के लिए दिव्या रंगारी रवाना हो गई है।

गौरतलब है कि दिव्या प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन से जुड़ी एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है, जो मालदीव में बारह से पन्द्रह जून तक आयोजित क्वालिफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एशियन चैंपियनशिप के लिए चयनित हुई है।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। वहीं, एक दो स्थानों पर कल हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बारह अगस्त से वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ में आज कवर्धा, जांजगीर–चांपा सहित विभिन्न स्थानों में भोजली पर्व मनाया गया। कवर्धा में इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई।

– राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>